>

Title: Need to provide stoppages of Kolhapur-Nagpur Express, Bhusawal-Nizamuddin-Gondawana Express and Tirupati Express at Murtizapur Railway Station in Akola Parliamentary Constitutency, Maharashtra.

श्री संजय धोत्रे (अकोला): मुर्तिजापुर रेलवे स्टेशन मेरे संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है। मुर्तिजापुर से सटे अमरावती एवं यवतमाल जिलों के लोगों को भी मुर्तिजापुर से रेलवे में प्रवास करने में सुविधा होती है लेकिन कई महत्वपूर्ण रेलगाड़ियों के मुर्तिजापुर न रूकने की वजह से उन्हें 45 किमी. दूर जाकर अकोला से यह गाड़ियां पकड़नी पड़ती है जिससे उन्हें काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। इस विषय पर यहां की जनता कई बार जन आंदोलन भी कर चुकी है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि जनभावना और जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए कोल्हापुर-नागपुर एक्सप्रेस (11403), भुसावल-निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस (12405), अमरावती-तिरूपति एक्सप्रेस (12766) को मुर्तिजापुर स्टेशन पर रूकने की इजाजत दी जाए ताकि यहां से रेल यात्रा करने वाले यात्रियों की असुविधाओं को दूर किया जा सके।